# मंत्री, विधायकों के वेतन-भत्ते बढ़ेंगे

## नेता प्रतिपक्ष ने दिया सुझाव, सीएम ने कहा-कमेटी बनाकर निर्णय लेंगे

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 6 अगस्त. प्रदेश के मंत्री, विधायकों के वेतन-भत्ते सहित विधायक निधि अगले बजट सत्र में बढ़ सकती है. राज्य सरकार इसे लेकर बजट में प्रावधान भी कर सकती है.**



विधानसभा में बुधवार को सत्र के समापन से पहले नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इस संबंध में सुझाव दिया. इस पर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि सदस्य सुविधा समिति ने विधायक निधि और वेतन-भत्तों को लेकर प्रस्ताव दिया है. तोमर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से इस पर चर्चा कर आगे फैसला लेने का अनुरोध किया. इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पर कमेटी बनाकर निर्णय करेंगे और अगले बजट में इस पर फैसला करेंगे. सुझाव रखते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह कुर्सी हमारी जनसेवा की है, न कि व्यापारिक लाभ की. हमें इसे सामाजिक न्याय के माध्यम के रूप में देखना और जनता की आवाज़ बनकर काम करना होगा. सिंघार ने कहा कि एक समय था जब मप्र देश का सबसे कम सत्र चलाने वाला राज्य बन गया था, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष के प्रयासों से इसमें सुधार हुआ है. उन्होंने सुझाव दिया कि विधानसभा की कार्यवाही का लाइव टेलीकास्ट होना चाहिए, ताकि आम जनता तक सदन की कार्यवाही पारदर्शी रूप में पहुंच सके. इस विषय पर विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और पूरे सदन को गंभीरता से विचार करना चाहिए. नेता प्रतिपक्ष ने विधायक निधि को लेकर भी अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि 2 करोड़ की विधायक निधि आज की आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं है. इसे बढ़ाकर 5 करोड़ किया जाए, ताकि विधायक अपने क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं और विकास कार्यों को बेहतर तरीके से पूरा कर सकें. इसके साथ ही सिंघार ने विधायकों के मानदेय की स्थिति पर भी चिंता जताई.

> उन्होंने कहा कि एक विधायक की तनख्वाह महज 30-35 हजार रुपये है, जबकि इससे अधिक वेतन तो कई कर्मचारियों को प्राप्त होता है. उन्होंने इस विषय को लेकर भी विचार की आवश्यकता बताई. सिंघार ने कहा कि जनता को सिर्फ कानून बनने से मतलब नहीं होता, बल्कि उसे ज़मीन पर बुनियादी सुविधाएं चाहिए, सड़क, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार चाहिए. हमें इस सदन से वही आवाज़ उठानी होगी जो जनता की जरूरतों से जुड़ी हो.



# बंगाल की रेशमी साड़ी गरद कोरियल का प्रदर्शन

**भोपाल, 6 अगस्त. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल द्वारा भारतीय पारंपरिक वस्त्रों की समृद्ध विरासत को संरक्षित और प्रस्तुत करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के अंतर्गत, अगस्त माह के माह का प्रादर्श कार्यक्रम के अंतर्गत, बंगाल की पारंपरिक रेशमी साड़ी गरद कोरियल का प्रदर्शन संग्रहालय के वीथी संकुल में प्रारंभ किया गया.**

इस विशेष प्रदर्श का उद्घाटन संग्रहालय परिसर में मुख्य अतिथि डॉ. विद्या राकेश, निदेशक, राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान (एनआईडी), मध्यप्रदेश द्वारा किया गया. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि धर्मराज राय, कमांडेंट एससीईई प्रयागराज भी उपस्थित रहे. इस कार्यक्रम की संयोजक डॉ. सोमा कीड़ो असिस्टेंट क्यूरेटर ने बताया कि, यह साड़ी मलबरी रेशम से बनी होती है, जिसे पारंपरिक लूम तकनीक द्वारा बुना जाता है. इसकी विशेष पहचान है - उजला रंग, गहरे हरे रंग की सीमा और पल्लू, जो इसकी सादगी, पवित्रता और गरिमा को दर्शाते हैं.

## एक नजर में

### अयोध्या नगर में इंदौर के स्टूडेंट की चाकू मारकर हत्या

**भोपाल.** इंदौर से घूमने के लिए भोपाल आए स्टूडेंट की 3 बदमाशों ने चाकू मारकर हत्या कर दी. अयोध्या नगर में मिनाल के सामने पेट्रोल भरवाने की बात पर संस्कार बघेले का 3 बदमाशों से विवाद हुआ था. इसके बाद तीनों आरोपियों ने स्टूडेंट पर जानलेवा हमला किया. मारपीट के बाद सीने में चाकू घोंप दिया. अस्पताल में संस्कार ने दम तोड़ दिया. संस्कार बघेले इंदौर में एक प्राइवेट कॉलेज से एलएलबी कर रहा था. वो घूमने के लिए भोपाल आया था और अपने दोस्त के यहां ठहरा था. दोनों दोस्त सुबह 5 बजे चाय पीने के लिए बाइक से स्टेशन के लिए निकले थे.

### जन विश्वास उपबंधों का संशोधन विधेयक पारित

**भोपाल.** सदन में बुधवार को मप्र जन विश्वास उपबंधों का संशोधन विधेयक-2025 ध्वनिमत से पारित कर दिया गया. विधेयक पर हुई चर्चा का चर्चा का जवाब देते हुए एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि राज्य के 12 विभागों के 20 अधिनियमों में 44 उपबंधों में संशोधन प्रस्ताव है. विधेयक में कारावास या जुर्माने या दोनों दंड, जुर्माना को जुर्माना में परिवर्तित किया जाना, कंपाउंडिंग के प्रावधान लागू किया जाना और धाराएं हटाई जाना तथा अधिनियम निरस्त किया जाना शामिल है. विधेयक में 4 अधिनियम निरस्त किये गये हैं जो कि अब अप्रासंगिक है.

### पीएम सूर्य घर योजना को लेकर वेन्डर्स होंगे प्रशिक्षित

**भोपाल.** मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में वेन्डर्स की क्षमता संवर्धन और सोलर रूफटॉप की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये प्रशिक्षण आयोजित कर रहा है. प्रशिक्षण वसुधा फाउन्डेशन के सहयोग से आयोजित किये जायेंगे. प्रदेश के 10 शहरों में अलग-अलग दिनांकों में प्रशिक्षण होंगे. 11 अगस्त को भोपाल, 13 को इंदौर, 18 को जबलपुर, 20 को ग्वालियर, 22 को सागर, 25 को उज्जैन, 27 को रीवा, 29 को मुरैना, एक सितम्बर को नर्मदापुरम और 4 सितम्बर को शहडोल में निर्धारित स्थानों पर प्रशिक्षण होगा. सभी जिलों के अक्षय ऊर्जा अधिकारियों को भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिये गये हैं.

# ग्रामीणों की समस्याओं का करें निराकरण

**बैरसिया, 6 अगस्त. बैरसिया की जनपद पंचायत में अपनी समस्याएं लेकर आए ग्रामीणों की समस्याओं को सीईओ देवेश कुमार सराठे ने सुना, इसके बाद उन्होंने योजना प्रभारी एवं संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव और रोजगार सहायक को ग्रामीणों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए.**

ग्राम पंचायत बीलखो से कूप निर्माण की राशि भुगतान समस्या लेकर आए हितग्राही परसराम अहिरवार की समस्या सुन सीईओ सराठे ने योजना प्रभारी, सचिव व रोजगार सहायक से दूरभाष पर जानकारी लेकर जल्द समस्या निराकरण के निर्देश दिए.




> इसी तरह ग्राम पंचायत अर्रावती, मन्ख्याई आदि से आए ग्रामीणों व पंच सरपंचों जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बंधित कर्मचारियों को निराकरण के निर्देश दिए. जनपद सीईओ देवेश सराठे ने कहा कि पंचायत के कर्मचारी हितग्राही मूलक योजनाओं और स्वच्छता में लापरवाही न बरतें. सीईओ सराठे ग्राम पंचायतों का दौरा कर रहे हैं. उन्होंने दफ्तर में करीब एवं दर्जन ग्राम पंचायतों से आए लोगों की समस्याओं का निराकरण किया.

# स्टाम्प 5 गुना तक होगा महंगा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 6 अगस्त.** सदन में बुधवार को भारतीय स्टाम्प मप्र द्वितीय संशोधन विधेयक पारित होने के बाद प्रदेश में स्टाम्प 5 गुना तक महंगा हो जायेगा. क्या कितना महंगा होगा, आंकड़ों से समझा जा सकता है.

### स्टाम्प विवरण - पहले - अब रुपये में

| | |
|---|---|
| शपथ पत्र के लिये - | 50 - 200 |
| अचल संपत्ति के लिये एग्रीमेंट जिसमें कब्जा नहीं दिया जाता - | 1000-5000 |
| विकास निर्माण, या प्रतिभूति बांड से इतर एग्रीमेंट जिसमें संविदा मूल्य 50 लाख तक - | 500 - 1000 |
| सहमति विलेख - | 1000 - 5000 |
| पहले से रजिस्ट्रीकृत दस्तावेज में सुधार के लिये - | 1000 - 5000 |
| रिवॉल्वर और पिस्टल के लाइसेंस के लिये - | 5000-10000 |
| नवीनीकरण कराने के लिये - | 2000 - 5000 |
| साझेदारी विलेख - | 2000 - 5000 |
| पॉवर ऑफ अटार्नी सिंगल ट्रांजेक्शन के लिये - | 1000-2000 |
| अधिक ट्रांजेक्शन के लिये - | 5000 |
| ट्रस्ट की संपत्ति के लिये - | 1000- 5000 |

# अभाविप ने एक दिन में बनाए 1 लाख से अधिक सदस्य

**भोपाल.** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मध्यभारत प्रांत का विद्यालयीन सदस्यता अभियान 20 जुलाई से प्रारंभ होकर 5 अगस्त 2025 को सम्पन्न हुआ. अभियान के अंतिम दिन, 5 अगस्त को प्रांत स्तरीय अधिकतम सदस्यता दिवस के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें 18 जिलों के समन्वित प्रयास से कुल 1,61,373 छात्र-छात्राओं ने अभाविप की सदस्यता ग्रहण की. साथ ही साथ इस अभियान के दौरान 3,63,863 विद्यालयीन विद्यार्थियों ने अभाविप की सदस्यता ग्रहण की.

**नाम परिवर्तन सूचना**

पूर्व में मेरा नाम ASHUTOSH K SINGH TEKAM था जो कि अब बदलवाना चाहता हूँ अब मुझे ASHUTOSH KUMAR SINGH TEKAM पिता नाम ANIL SINGH TEKAM के नाम से जाना जाये। आधार नं. —558018775238 में जो कि आधार में मेरा नाम सही है आधार के हिसाब से किया जाये पता— GRAM CHITWARWAI KALAN

Post - Khutar
District - Singhrauli
Pin - 486886 (म.प्र.)

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, A Lourthu, residing at Down Street, Jerusalam Tharma Nagar, Sevalkulam, Tirunelveli, Tamil Nadu – 627754, hereby declare that my correct name is Loordu and my correct date of birth is 10 June 1964 instead of 01 July 1958 which was recorded earlier. Henceforth, I shall be known as Loordu, and my Date of birth shall be read as 10 June 1964 for all purposes. A Lourthu Place: Tirunelveli

### आज शहर के 30 इलाकों में होगी बिजली कटौती

**भोपाल.** गुरुवार को राजधानी के 30 इलाकों में मेंटनेंस के नाम पर बिजली कटौती रहेगी. सुबह 6 से 9 बजे तक रेतघाट, पीर गेट, पीतल नगरी, सिंधी मार्केट, जुमेराती, अलीगंज, चौकी इमामवाड़ा, नूरमहल रोड, गौहर महल, मालीपुरा, लखेरापुरा, गुर्जरपुरा. सुबह 8 से 9 बजे तक टीटी नगर, न्यू मार्केट, 45 बंगलो. सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक इंद्रपुरी ए, बी-सी सेक्टर, पटेल नगर डी सेक्टर, रायसेन रोड, वर्धमान कैम्स, मंदाकिनी, कृष्णा क्वालिटी. सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक कोहेफिजा स्थित एमपीईबी कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, आकांक्षा कॉम्पलेक्स. सुबह 10 से शाम 4 बजे तक अर्बन रीवर, शिव आंगन मुकुंद रत्नम में बिजली सप्लाई बंद रहेगी.

# एम शूटर टीम ने जीता फुटसल टूर्नामेंट का खिताब

## टर्फ ज़ोन प्रो-2 में आयोजित प्रतियोगिता का समापन

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 06 अगस्त. शहर के रोहित नगर टर्फ ज़ोन प्रो-2 में फुटसल टूर्नामेंट समापन हुआ. टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल मुकाबले में एम शूटर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया. फाइनल में एम शूटर और कोलार एफसी बी के बीच ज़बरदस्त टक्कर देखने को मिली.**




टूर्नामेंट 2 से शुरू किया गया था जिसमें भोपाल की 12 चुनिंदा टीमों ने भाग लिया. पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वी. के. शर्मा महासचिव, म.प्र. बैंक एम्प्लाइज़ एसोसिएशन एवं विशेष अतिथि के रूप में दीपक रत्न शर्मा अध्यक्ष, एमपी बैंक एम्प्लाइज़ एसोसिएशन और एम.एस. जयशंकर सचिव ऑल इंडिया एसबीआई ऑफिसर्स कोऑर्डिनेशन कमेटी उपस्थित रहे. आयोजन समिति के अध्यक्ष जे.पी. झवर ने टूर्नामेंट की रूपरेखा व उद्देश्य साझा किए और सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया.

> कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वी. के. शर्मा ने अपने संबोधन में कहा- यह केवल पुरस्कारों का दिन नहीं, बल्कि उस संपूर्ण यात्रा को याद करने का अवसर है, जिसमें परिश्रम, अनुशासन और टीम भावना की जीत हुई है. सभी खिलाड़ियों का समर्पण सराहनीय है विजेता हों या नहीं, आप सभी ने खेल को ऊँचाइयों तक पहुँचाया है. उन्होंने कहा हर मैच में बेहतर खिलाड़ी और बेहतर इंसान बनाता है. कार्यक्रम के समापन पर जे. पी. झवर ने खिलाड़ियों, दर्शकों, मीडिया, पुलिस प्रशासन एवं सहयोगी संस्थाओं- विशेषकर सोम ग्रुप, सागर ग्रुप, तथा एलआईसी का आभार व्यक्त किया.

**संख्या 28012/92/2024-एलआरडी-एलआरडी**

**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**भूमि संसाधन विभाग**

**प्रतिष्ठित राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों और व्यक्तियों से अनुसंधान हेतु प्रस्ताव आमंत्रित**

भूमि संसाधन विभाग (डीओएलआर), ग्रामीण विकास मंत्रालय 'भूमि प्रशासन' के लिए व्यक्तियों/संस्थाओं से अनुसंधान प्रस्ताव आमंत्रित करता है. तद्नुसार, प्रासंगिक और अनुभवी राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों और व्यक्तियों से निम्नलिखित विषयों पर अनुसंधान प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं :-

i. भूमि प्रशासन
ii. भूमि नीतियाँ, कानून और विनियम
iii. भूमि प्रशासन और भूमि स्वामित्व सुरक्षा की निगरानी
iv. भूमि और सामाजिक-आर्थिक विकास
V. भूमि उपयोग प्रबंधन
vi. भूमि बाजार, भूमि मूल्य, भूमि लेन-देन
vii. भूमि प्रशासन में भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी
viii. नवीन भूमि प्रबंधन उपकरण और तकनीकें

2. भूमि प्रशासन क्षेत्र हेतु संस्थागत और व्यक्तिगत अनुसंधान अनुदान हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश, जिनमें पात्रता मानदंड, चयन प्रक्रिया और निर्धारित आवेदन प्रारूप आदि शामिल हैं, इस विभाग की आधिकारिक वेबसाइट https://dolr.gov.in/ पर उपलब्ध हैं. इच्छुक अनुभवी राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संस्थान और व्यक्ति अपने प्रस्ताव विधिवत हस्ताक्षरित (स्कैन की गई पीडीएफ) केवल navalsingh.meena@nic.in और neebha.2002@gov.in पर ई-मेल के माध्यम से भेज सकते हैं. अनुसंधान प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से एक माह है.

हस्ताक्षरकर्ता/-
उप निदेशक (एलआर) भूमि संसाधन विभाग
ग्रामीण विकास मंत्रालय
CBC-35201/11/0004/2526 भारत सरकार, नई दिल्ली

# प्रदेश में शिशु मृत्यु दर के लिए गरीबी कुपोषण और दाई को बताया जिम्मेदार

- मप्र शिशु मृत्यु दर में देश में सबसे अव्वल बना हुआ
- उपमुख्यमंत्री ने लिखित जवाब में दी जानकारी

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 6 अगस्त. यदि मप्र शिशु मृत्यु दर में देश में सबसे अव्वल बना हुआ है तो उसके पीछे कोई एक कारण नहीं है. सरकार ने कई कारण गिनाये हैं, जो कि इस मामले में प्रदेश का रिकॉर्ड खराब करते हैं.**

सबसे बड़ी बात ये कि इसके लिये सरकार को क्लिनचिट दे दी गई है. सरकार के मुताबिक शिशु मृत्यु दर में देश मे प्रथम होने के पीछे स्वास्थ्य सेवा की कमजोर गुणवत्ता और प्रबंध नहीं बल्कि गरीबी, मातृ शिक्षा की कमी, बाल विवाह, कुपोषण, कम उम्र मे गर्भधारण आदि शामिल है. पारंपारिक हानिकारक प्रथाएं, प्रशिक्षित दाई के बिना प्रसव और टीकाकरण में लापरवाही भी गंभीर भूमिका निभाते है.

यह जानकारी उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विधायक प्रताप ग्रेवाल के प्रश्न पर लिखत जवाब में दी. राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि देश में मातृ मृत्युदर मे 2012 से 2020 मे 45.51 प्रतिशत की कमी हुई जबकि प्रदेश मे मातृ 24.78 प्रतिशत की कमी हुई. 2022 के एसआरएस के अनुसार मातृ मृत्युदर है. देश की 97 की तुलना मे प्रदेश की 173 है. महिला स्वास्थ्य में कमी, बाल विवाह, कम उम्र में गर्भधारण, दो बच्चो के बीच अंतराल कम होना, घरेलु हिंसा, महिलाओं का आर्थिक रूप से सशक्त न होना एवं दुर्गम क्षेत्र में परिवहन नेटवर्क का अभाव आदि मातृ मृत्यु के कारण है.

### परामर्शदात्री समिति की बैठक में हुई चर्चा

**भोपाल.** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में बुधवार को विधानसभा स्थित समिति कक्ष में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग की परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई. बैठक में विधायक हरिबब्बू राय, इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति, अशोक रोहाणी, डॉ तेज बहादुर चौहान, डॉ राजेंद्र पाण्डेय (राजू भैया), प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मनीष सिंह, संचालक कौशल विकास गिरीश शर्मा और आयुक्त तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार अवधेश शर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे.

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, L Ponnuththai, residing at Down Street, Jerusalam Tharma Nagar, Sevalkulam, Tirunelveli, Tamil Nadu – 627754, hereby declare that my correct name is Ponnuthai and my correct date of birth is 07 January 1960 instead of 01 July 1963 which was recorded earlier. Henceforth, I shall be known as Ponnuthai, and my date of birth shall be read as 07 January 1960 for all purposes. L Ponnuththai Place: Tirunelveli Date: [Date of publication]

# राखियों पर महंगाई की मार

## 20 प्रतिशत तक बढ़ी कीमत

**बैरसिया, 6 अगस्त. रक्षाबंधन का पर्व भी मंहगाई की मार से अछूता नहीं रहा है. थोक भाव मे सभी प्रकार की राखियों पर 20 प्रतिशत तक कि बढ़ोतरी होना सामने आया.**



इसके अलावा मार्केट में राखी विक्रताओं को बाजार में राखी की दुकानें लगाने के लिए गत वर्ष की तुलना में रेट बढ़ाकर जगह का आवंटन किया है. यानी राखियों पर 20 प्रतिशत तक वृद्धि तथा राखी विक्रेताओं के लिए आवंटित स्थान में बढ़ोतरी का सीधा असर बहनों की जेब पर पड़ने वाला है.

रक्षाबंधन का त्यौहार 9 अगस्त को है. इस पर्व के लिए खरीदारी करने देर रात तक बाजार में बहनों की भीड़ भाड़ देखी गई है. बुधवार को बस स्टैंड चौराहे से रेंज चौराहे तक सभी दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रही. इससे बाजार में चारों तरफ रौनक बढ़ गई है.

**कार्यालय वनमंडलाधिकारी, वनमंडल राजगढ़**

**निविदा सूचना**

क्र./लेखा/1185 राजगढ़, दिनांक 4/8/25

सामान्य वन मंडल राजगढ़ के अंतर्गत फेंसिंग कार्य हेतु पोल्स सामग्री प्रदाय हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में वन मंडल राजगढ़ की परिक्षेत्र राजगढ़, ब्यावरा एवं नरसिंहगढ़ में फेंसिंग कार्य हेतु पोल्स प्रदाय बावत् ई-निविदा प्रक्रिया अनुसार ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं.

1. समिति निविदा संबंधित अन्य विस्तृत विवरण वेबसाइट पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर देखे जा सकते हैं.
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं पोर्टल फीस की राशि क्रेडिट कार्ड/ डेबिट कार्ड/ कैश कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग सिस्टम के माध्यम से उल्लेखित वेबसाइट पर भुगतान कर निविदा प्रपत्र दिनांक 8/8/2025 को सुबह 10 बजे से दिनांक 28/8/2025 को शाम 5 बजे तक ऑनलाइन रहेगी. अन्य शर्तें वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं.

| ऑनलाइन निविदा प्रारंभ दिनांक एवं समय | ऑनलाइन निविदा करने का अंतिम दिनांक एवं समय | ऑनलाइन निविदा खोलने का दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 8/8/2025 को सुबह 10 बजे से | 28/8/2025 को शाम 5 बजे तक | 29/8/2025 को शाम 6 बजे से/ वनमंडल कार्यालय राजगढ़ |

3. निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित न करते हुए केवल उल्लेखित वेबसाइट पर ही सूचित किया जाएगा.
4. अन्य संबंधित जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के लेखा शाखा से किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है.

वनमंडलाधिकारी
G16814/25 सामान्य वनमंडल राजगढ़

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, मंडीदीप, जिला रायसेन**
**दूरभाष एवं फैक्स नंबर- 07480-407022**
**ई-मेल :- cmomandideep@mpurban.gov.in**

क्र..../.../न.पा.प./2025 मंडीदीप, दिनांक...

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत निविदादाताओं से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं. निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_441546_1 | निकाय के उपयोग हेतु 07 सीटर डीजल ए.सी. वाहन BS-6 किराए से लिया जाना | 4,92,000/- | 4,920/- | 2,000/- | 20/8/2025 |
| 2. | 2025_UAD_442368_1 | जल प्रदाय शाखा अंतर्गत सी.आई. सुलूस वाल्वों के स्पेन्डल नट सहित एवं जी.आई. पाइप की थ्रेडिंग कार्य एवं संलग्न सूची अनुसार विभिन्न फेब्रीकेशन कार्य हेतु | 12,30,000/- | 9,225/- | 2,000/- | 20/8/2025 |

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में नहीं किया जाएगा.

(प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद्, मंडीदीप

(पुष्पा प्रेमशंकर साहू)
उपाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद्, मंडीदीप

(डॉ. प्रशांत जैन)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद्, मंडीदीप